'लोक कला के क्षेत्र में आगे आएं नवोदित कलाकार'

कानपुर : भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और उनके प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य से सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमला नगर में एक माह से चल रही मधुबनी चित्रकारी प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया। मुख्य अतिथि ललित कलाकार ऋतु गुप्ता ने नवोदित कलाकारों से कहा कि लुप्तप्राय हो रहीं कलाओं व कलाकारों को संरक्षण व पुनर्जीवित करने के लिए आगे आएं। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता, पद्मश्री अवार्ड के लिए नामित मधुबनी कलाकार शांति देवी, शिवन पासवान मौजूद रहे। (वि.)